
सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ–153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

भाई–दूज



इस त्योहार , भाई-बहन का प्यार

श्रीकृष्णा भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338 E-mail : shramshikhar@gmail.com

वर्ष 16 | अंक 44 विक्रम संवत 2081 कार्तिक कृष्ण एकादशी से कार्तिक शुल्क द्वितीया | 28 अक्टूबर सोमवार से 03 नवम्बर रविवार 2024 तक | पृष्ठ 04 | मूल्य 8रु/-

## शासन-प्रशासन जानकारियां

# जनपदो बैठको आदि में विधायको हेतू अधिकारी वर्ग से अपने बैठने की कुर्सी समान देने को कहा गया......

**उ.प्र. में विधायको को जनपद एंव अन्य प्रशासनिक स्तर पर उचित सम्मान अधिकारी वर्ग से उनके साथ बैठके या मिलने जाने पर न किए जाने की शिकायतों के बाद उ.प्र. विधानसभा अध्यक्ष या सतीश महान के आदेश**

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के निर्देश पर संसदीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव जे.पी. सिंह ने अपर मुख्य सचिवों प्रमुख मुख्य सचिवों, जिलाधिकारी पुलिस प्रमुखों को पत्र भेज कर विधायको को बराबर का सम्मान अपने बैठने की कुर्सी के समान ही कुर्सी प्रदान करने को कहा है । खुल्लेआम तो नही परन्तु दबी जुबान से अधिकारी वर्ग का यह कहना है कि प्रदेश संरकार के मुखिया एंव स्वयं निर्देश जारी स्तर से इस तरह के प्रेरक पहल हो...

प्रदेश के मुखिया केसरिया एंव तौलिया कुर्सी के लिए इस्तेमाल करते है और उनसे प्रतिनिधि मिलते है बेहतर होगा वह अपने जैसी कुर्सी अन्य प्रतिनिधि को मुलाकात व बैठको में प्रदान करें। एक पक्ष यह भी है।

एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व स्वयं प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा सत्तारूढ होने पर वी.आई.पी. कल्चर खत्म कर चुके है फिर अधिकारी हो या अन्य का सम्मान हेतू सामान्य कुर्सी से विशेष कुर्सी तौलिया सहित कुर्सी का इस्तेमाल कर विशेष कल्चर क्यों अपनायें है।

बैठको में भाग लेने वाले जिलाधिकारी पुलिस प्रमुख जनप्रतिनिधि ही विशेष कुर्सी पात्र नही रहने चाहिए। बेहतर हो विशेष कुर्सी हो तो बैठको में भाग लेने वाले प्रत्येक भागीदार को तौलिया कुर्सी मिले या सभी सामान्य कुर्सी ही इस्तेमाल करें। वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावना समिति का मत है सामान्य कुर्सी हो सभी इस्तेमाल कर विशेष कुर्सी से बढने वाले अहम से दूरे रहें जनता अधिकारी व जनप्रतिनिधि के समान हो.....

– श्रम शिखर ब्यूरो

## मेरठ की ट्रैफिक व्यवस्था पटरी पर लाने एंव जाम समस्या से निजात हेतू सांसद ने की अगुवाई.....

मेरठ की ट्रैफिक व्यवस्था को सही दिशा देने एंव आये दिन की जाम यातायात अवहटता से निपटने के लिए जिला एंव पुलिस तथा परिवहन विभाग का साथ देने के लिए स्थानीय सांसद अरूण गोविल ने अगुवाई की है। उन्होने इसके लिए पश्चिमी देशों की तर्ज पर है इस तरह की समस्या के समाधान में अगुवाई पहली बार की गयी है।

जनप्रतिनिधि के अलावा नगर निगम, लोक निर्माण विभाग व पुलिस तथा मेरठ विभाग प्राधिकरण के साथ यातायात व्यवस्था एंव जाम के समाधान विशेषताओं को बुलाया गया ।

इतना ही नही इस समस्या के लिए मेरठ नगरवासियां से सुझाव, मेल आई डी आदि के माध्यमो से मांगे गये शहर की जाम से मुक्ति और विकास का हल खोजने का काम सांसद अरूण गोविल की अगुवाई मे किया ।

मेरठ विकास प्राधिकरण करीब 350 करोड़ खर्च कर शहर को जाम व ट्रैफिक समस्या से मुफ्त करने के लिए जनसहयोग व जन सुझाव पर किस चौराहे का स्वरूप किस तरह बदला जाये कहां फ्लाई ओरव या एलीवेहड रोड़ निर्माण हो इस चार्चे में सुझाव पाने का प्रयास किया गया .................. – श्रम शिखर ब्यूरो





Estd. 1979

R.R.ADVERTISING SERVICE

NEWSPAPER, MAGAZINE OUTDOOR, PRINT, EVENTS, POINT OF PURCHASE, SIGNAGE, FILM, DIGITAL AWARENESS PROGRAM, MEDIA INTERNATIONAL, DIGITAL MEDIA

rradvertisingmeerut.com, rradvertisingmeerut@gmail.com
PH.: 0121-2641338, 9690331338

FRIZZON
TRAVEL | EVENTS | FILMS

BOOK NOW
worldwide Travel as you wish

Domestic / International, Cruise, Car-Rental, Hotel, Flight Booking Agency

MEERUT | DELHI | MUMBAI

booking@frizzontravel.com | www.frizzontravel.com
Ph. 0121-2641338, 8266023450

शुभ दिवाली 2024

अपनी परिवार माँ लक्ष्मी की प्रतिभा प्रदर्शन, सभी आयुवर्ग में, अपना परिचय, फैन्सी ड्रेस, गाना की फोटो/वीडियों भेजें

सहयोग राशि- 2000/- ऑफर इच्छानुसार पायें सम्मान पत्र, सदस्यता और भी कुछ विशेष,

सद्भावना समिति (पंजी०) वात्सलय कार्यक्रम

नीति आयोग,CSR, 10A, 80G, MSME, में पंजीकृत, पूरे उ०प्र० में कार्यरत
स्वंय सेवक, प्रमोटर चाहिए बायोडाटा, फोटो भेजें – 9219660360
विवरण श्रम शिखर में प्रकाशित एवं यूट्यूब चैनल पर प्रसारित होगा ।

9219660359, 9675834737
sadbhavnasamitimeerut@gmail.com
sadbhavnasamiti.in Sadbhvna Waves

आर आर पाक्षिक बुलेटिन

साप्ताहिक अखबार डी.ए.वी.पी. से मान्यता प्राप्त श्रम शिखर

सद्भावना समिति (पंजी०)

RR GROUP

VISIT LOCATION
Shri Krishan Bhawan,
283, Western Kutchery Road,
Meerut-250001 (U.P.)

SUBSCRIBE LIKE & SHARE
@RR Advertising Services
@Sadbhavna Waves
@Shram Shikhar
@RR Bulletin

देखियें, जुडियें- अपने कार्यक्रम रिकार्ड करके भेजें

नियम व शर्ते लागू।

Print | Outdoor | Electronic | Signage | Film | Event | Magazine | Digital Media | Media International | Awareness Program | All News Paper

R- Reliable R-Reasonable

RR ADVERTISING SERVICES

Estd. 1979

Ph. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360 | Email- rradvertisingmeerut@gmail.com

# सम्पादकीय

## बिजली विभाग में निविदां –संविदा पर रखें जाने की व्यवस्था पर उठते सवाल हो विचार

*मेरठ : उ०प्र० पॉवर कॉपोरेशन के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेंत्र से बिजली के एकत्र धन 4 लाख 55 हजार की लूट में बिजली विभाग में ठेकें निविदां पर रखें कार्मिक का अपने परिवार जन एंव मित्रों के साथ लूट कराने के मेरठ पुलिस के खुलासे के बाद मांग होने लगी है कि बिजली विभाग को अपने यहां निविदा ठेके के माध्यम से रखें जाने वाले कार्मिको का पुलिस सत्यापन एवं कार्मिक देने वाले ठेकेदार-निविदां कर्त्ता के द्वारा प्रदत्त कार्मिको के चयन की प्रक्रिया का संज्ञान लेना चाहिए।*

*अखिल भारतीय लोकाधिकार संगठन ने इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री, उ०प्र० के पॉवर कॉप्रोरेशन अध्यक्ष व मेरठ स्थित विद्युत वितरण डिस्कॉम प्रबंधक निर्देशक को पत्र लिखा है। संगठन ने अपेक्षा की है कि बिजली विभागी भी अपने यहां निविदां-सविंदा पर कार्मिक उ०प्र० सेवा योजना में पंजीकृत एवं आरक्षण के स्थान दिलाते हुए रखें। बिजली विभाग में भी बड़ी संख्या में निविदां-सविंदा पर कार्मिक वर्षवार लम्बे समय से रख रहे है। तथा यह नियमित व्यवस्था बन रही है नियमित समूह घ व ग की नियुक्ति नाम मात्र की रह गई है निविदां- सविंदा पर बड़ी संख्या में युवा अपना भविष्य इस व्यवस्था में भविष्य की अनिश्चिता में सेना के अग्निवीर व्यवस्था रूप में व्यतीत करने को विवश है*

*संगठन ने भी यही अपेक्षा की है*

***–श्रम शिखर ब्यूरो***


श्रम शिखर
शिक्षा
मानवता के विकास हेतू जन-जन एवं छात्र/छात्राओं का विकास
सभी स्कूलों से निवेदन है कि, अपने छात्र/छात्राओं के स्वलिखित काव्य/लेख प्रकाशनार्थ भेजें/ हमारे यूट्यूब चैनल @shramshikhar पर वीडियों भी आमन्त्रित है

शुभ दिवाली 2024
अपनी परिवार लक्ष्मी माँ की प्रतिभा प्रदर्शन, सभी आयुवर्ग में, अपना परिचय, फैन्सी ड्रेस, गाना की फोटो/वीडियों भेजें
सहयोग राशि- 2000/- ऑफर इच्छानुसार पायें सम्मान पत्र, सदस्यता और भी कुछ विशेष,
सद्भावना समिति (पंजी०) वात्सलय कार्यक्रम
नीति आयोग,CSR, 10A, 80G, MSME, में पंजीकृत, पूरे उ०प्र० में कार्यरत
स्वंय सेवक, प्रमोटर चाहिए बायोडाटा, फोटो भेजें - 9219660360
विवरण श्रम शिखर में प्रकाशित एवं यूट्यूब चैनल पर प्रसारित होगा।
9219660359, 9675834737
sadbhvnasamitimeerut@gmail.com
sadbhavnasamiti.in Sadbhvna Waves



"30 Years of Healing Reinvented" PROUD LEGACY, MODERN SOLUTIONS
PREM HOSPITAL
Inspiring Healing, Empowering Lives








एक नन्ही मुस्कान जो आपकी दुनिया बदल दे।
आई.वी.एफ. है तो मुमकिन है
ON 10 YEARS ANIVERSARY
FIRST 10th REGISTRATION
SPECIAL OFFER
रु. 99,000/-*
First Come, First Serve
*नियम व शर्तें लागू
निःशुल्क निःसंतानता परामर्श प्रतिदिन
सांय 3:00 से 6:00 बजे तक (पूर्व अपॉइंटमेंट आवश्यक है)
मॉड्यूलर टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
First Fully Modular Test Tube Baby Centre at Meerut
पुरुष एवं महिला बांझपन परामर्श | लेप्रोस्कोपी | हिस्टेरोस्कोपी | इनफर्टिलिटी सर्जरी | एग डोनर
RADIOLOGY | NICU-ICU PATHKIND LABS | DERMATOLOGY | COSMETIC SURGERY | COSMETIC GYNECOLOGY
Prem Hospital
Near Shoprrix Mall, Next to Indian Oil Petrol Pump, Bijli Bamba Bypass, Meerut.
L-5, Main Road, Shastri Nagar, Meerut
Helpline No. 9456667777 9627887955
www.meerutivf.com



For Divine Wellness, all Dimensional Developments
YOG & MEDITATION
YOGA CLASSES & THERAPY
ADULT YOGA
MEDITATION, PRANAYAM, SLIMMING, STRESS MANAGEMENT, POWER YOGA
छोटा कोर्डिनेटर टीम 9219660359
डा० शरद मोहन 925981149
Begin Your Journey to a Better Life with Peace, Live & Happiness
Special Sessions by Yoga Experts
सद्भावना समिति पंजी० मेरठ
श्रीकृष्ण भवन, 283 वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ- 250001



सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper :shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत डाक- पंजीकरण संख्या-मेरठ 153.2025.2027 RNI No.UPHIN /2009/31760
साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर श्रीकृष्ण भवन (लेन अपोजिट शिव लोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, मो0 9219660359
प्रधान सम्पादक : सुनीता रानी 9897373736
प्रबन्धक : राकेश गुप्ता 9219660359
बिक्री प्रबन्धक : अश्विनी गुप्ता 9358402365
इंटरनेट प्रबन्धक : मेघा अग्रवाल 9219660359
संरक्षक : ब्रज भूषण 9457213164
कानूनी सलाहकार : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट :0121-2760145, 9720171549
मार्केटिंग टीम : 9219660359, 9411990449,
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द्र शर्मा पुत्र पं0 होराम शर्मा 245 खारी कुंआ कोतवाली मेरठ, 8630180430
उ0प्र0 ब्यूरोचीफ : अभिलाष गुप्ता 9412203620 प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र : मंजरी गुप्ता, 42 अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी, गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

**श्रमशिखर कार्यालय**


मेरठ–श्रीकृष्ण भवन,283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), उत्तराखण्ड – श्री राजेष कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), गाजियाबाद– (09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैषाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905) दिल्ली–राखी मित्तल–एफ–1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स षेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 हरियाणा– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 मुजफ्फरनगर–विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899 दिल्ली– **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, षॉप नं.5,पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 लखनऊ– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन9335208218, मुम्बई–अचल गुप्ता, बी–1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, सरधना–महेष गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ। श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
153-2022-2024 RNI No. UPHIN/2009/31760

मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादकः सुनिता रानी
प्रबन्धकः राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अर्न्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।



इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com


MATRIMONAL
वैवाहिक परिचयः- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता




# चलते रहो इसी में जीवन की पवित्रता हैः ओशो

मैं पवित्र करने वालों में वायु और शस्त्रधारियों में राम हूं। इन प्रतीकों को थोड़ा हम समझें। वायु इस जगत में सर्वाधिक स्वतंत्र है। और स्वतंत्रता ही पवित्रता है। वायु कहीं बंधी नहीं है, कहीं ठहरी नहीं है, कहीं उसका लगाव नहीं है, कहीं उसकी आसक्ति नहीं है। वायु एक सतत गति है। तो पहली बात, जहां भी लगाव होगा, वहीं अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जहां भी आसक्ति होगी, जहां भी ठहरने का मन होगा, जहां पड़ाव मंजिल बन जाएगा, वही अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जीवन की सारी दुर्गंध, जीवन की सारी कुरूपता, जहां-जहां हम ठहर जाते हैं और जकड़ जाते हैं, वहीं से पैदा होती है। जीवन जहां भी प्रवाह को खो देता है, गति को खो देता है और जहां ठहर जाता है, जड़ हो जाता है...। जैसे नदी बहती है, तो नदी पवित्र होती है। और डबरा बहता नहीं, अपवित्र हो जाता है। डबरे में भी वही जल है, जो नदी में है। लेकिन नदी में प्रवाह है, बहाव है, जीवन है। डबरा मृत है, मुर्दा है, कोई गति नहीं है। डबरा सड़ता है, दुर्गंधित होता है और नष्ट होता है। स्वभावत:, अपवित्र हो जाता है। कृष्ण कहते हैं, पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं। पहली बात, पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां प्रवाह सतत हो। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई लगाव, जहां कोई रुकाव, जहां कोई ठहराव न आ जाए। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई फिक्सेशन, प्राणों का अवरुद्ध होना न हो। जिसके प्राण भी वायु की तरह हैं- कहीं ठहरे हुए नहीं, कहीं रुकते नहीं, कहीं बंधते नहीं, कहीं कोई आसक्ति निर्मित नहीं करते- वही केवल पवित्रता को उपलब्ध हो पाएगा। प्राचीन समय से संन्यासी ने प्रवाहवत जीवन व्यतीत करने को कहा है। नदी की तरह बहते रहो। महावीर ने अपने संयासियों से कहा है कि वे तीन दिन से ज्यादा कहीं रुकें नहीं। तीन दिन के पहले हट जाएं। थोड़ा सोचने जैसा है। क्योंकि तीन दिन का यह राज महावीर को कैसे पता चला होगा, कहना मुश्किल है। लेकिन आधुनिक मनोविज्ञान कहता है कि आदमी को किसी भी जगह मन के लगने में कम से कम तीन दिन से ज्यादा का समय चाहिए। आप अगर एक नए कमरे में सोने जाएंगे, तो तीन रातें आपको थोड़ी-सी बेचौनी रहेगी, चौथी रात आप ठीक से सो पाएंगे। कहीं भी किसी नई स्थिति को पुराना बना लेने के लिए कम से कम तीन दिनों की जरूरत है। कम से कम। थोड़ा ज्यादा समय भी लग सकता है। महावीर ने अपने संयासियों को कहा है कि वह तीन दिन से ज्यादा एक जगह न रुके। इसके पहले कि कोई अपना मालूम पड़ने लगे, उसे हट जाना चाहिए। क्योंकि जहां लगा कि कोई अपना है, वहीं जंजीर निर्मित हो जाती है। और जिसके प्राणों पर जंजीर पड़ जाती है, उन प्राणों में कुरूपता और दुर्गंध और सड़ांध शुरू हो जाती है। डबरा बनना शुरू हो गया प्राणों का।

- ओशो

## गोवर्धन पूजा में गोधन

गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती है जैसे नदियों में गङ्गा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं।

इसी लीला के कारण भगवान कृष्ण को गिरधर या गिरिराज नाम से भी बुलाया जाता है। साथ ही इस लीला के कारण गोवर्धन पर्वत को भी गिरिराज जी कहा जाता है। दिवाली के एक दिन बाद गोवर्धन पूजा भी की जाती है। गोवर्धन पर्वत स्वयं श्रीकृष्ण के समान माना जाता है, क्योंकि प्रसिद्ध पवित्र लीला में हम यह देखेंगे कि भगवान कृष्ण ने स्वयं ही गिरिराज गोवर्धन के स्वरुप को धारण किया है एवं वे व्रजवासियों से चढ़ावे को स्वीकार करते आ रहे हैं। गिरिराजजी को स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के समान माना जाता है।

गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण और वर्षा के देवता इंद्र के बीच युद्ध की याद दिलाती है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान इंद्र भगवान कृष्ण के प्रति लोगों की भक्ति से नाराज थे। क्रोधित भगवान ने भारी बारिश से भारी तबाही मचाई। तब, भगवान कृष्ण ने लोगों को बाढ़ से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। कई दिनों बाद जब बारिश नहीं रूकी तो भगवान इंद्र ने स्वयं श्री कृष्ण से माफी मांगी और बारिश को रोक दिया। इससे श्री कृष्ण ने भगवान इंद्र के घमंड को चूर कर दिया और तभी से ब्रजवासियों ने श्रीकृष्ण भगवान की पूजा करना शुरू कर दी जिसे गोवर्धन पूजा कहते हैं। इसके बाद से धीरे-धीरे यह पर्व देश के कई राज्यों में मनाया जाने लगा।

यहां श्री वज्रनाभ के ही पधराए हुए एकचक्रेश्वर महादेव का मंदिर है।

गोवर्धन से जुड़ी कुछ खास बातें:

गोवर्धन एक प्रमुख तीर्थस्थल और नगरपालिका शहर है.
यह उत्तर प्रदेश के मथुरा शहर से करीब २३ किलोमीटर दूर है.
गोवर्धन को गिरिराज पर्वत भी कहा जाता है.
गोवर्धन पर्वत को भगवान श्रीकृष्ण के समान माना जाता है.
गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करना व्रज तीर्थ का अहम हिस्सा है.
गोवर्धन पर्वत और आस-पास के इलाके को ब्रज भूमि कहा जाता है.
गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करीब २१ किलोमीटर की है.
गोवर्धन पूजा के दिन भगवान श्रीकृष्ण, गोवर्धन पर्वत, और गौ माता की पूजा की जाती है.
गोवर्धन पूजा को अन्नकूट पूजा भी कहा जाता है.
इस दिन अन्नकूट का भोग लगाने की परंपरा है.
गोवर्धन पूजा के दिन लोग घर के बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाते हैं.
गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं.
गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने से सुख-शांति का आशीर्वाद मिलता है.



- श्रीकृष्ण भगवान

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिपक्व पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है । जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी।वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो इसके लिए प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का परिचय पत्र बनायें जायेगा तथा प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि)
श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

## हिम्मत करने वालों की कभी हार नही होती

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, हिम्मत करने वालों की कभी हार नहीं होती
नन्ही चींटीं जब दाना लेकर चढ़ती है, चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना, ना अखरता है
मेहनत उसकी बेकार हर बार नहीं होती,हिम्मत करने वालों की कभी हार नहीं होती
डुबकियां सिंधु में गोताखोर लगाता है जा जा कर खाली हाथ लौटकर आता है..
मिलते ना सहज ही मोती गहरे पानी में बढ़ता दूना विश्वास इसी हैरानी में३
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती हिम्मत करने वालों की कभी हार नहीं होती३
असफलता एक चुनौती है स्वीकार करो क्या कमी रह गयी, देखो और सुधार करो३
जब तक ना सफल हो नींद-चौन को त्यागो तुम संघर्षों का मैदान छोड़ मत भागो तुम
कुछ किये बिना ही जयजयकार नहीं होती हिम्मत करने वालों की कभी हार नहीं होती

## जो बीत गया सो बीत गया....

जो बीत गई सो बात गई!
जीवन में एक सितारा था
माना, वह बेहद प्यारा था,
वह डूब गया तो डूब गयाय
अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे,
कितने इसके प्यारे छूटे,
जो छूट गए फिर कहाँ मिलेय
पर बोलो टूटे तारों पर
कब अंबर शोक मनाता है!
जो बीत गई सो बात गई!
जीवन में वह था एक कुसुम,
थे उस पर नित्य निछावर तुम,
वह सूख गया तो सूख गयाय
मधुवन की छाती को देखो,
सूखीं कितनी इसकी कलियाँ,
मुरझाईं कितनी वल्लरियाँ जो
मुरझाईं फिर कहाँ खिलींय
पर बोलो सूखे फूलों पर
कब मधुवन शोर मचाता हैय

जो बीत गई सो बात गई!
जीवन में मधु का प्याला था,
तुमने तन-मन दे डाला था,
वह टूट गया तो टूट गयाय
मदिरालय का आँगन देखो,
कितने प्याले हिल जाते हैं,
गिर मिट्टी में मिल जाते हैं,
जो गिरते हैं कब उठते हैंय
पर बोलो टूटे प्यालों पर
कब मदिरालय पछताता है!
जो बीत गई सो बात गई!
मृदु मिट्टी के हैं बने हुए,
मधुघट फूटा ही करते हैं,
लघु जीवन लेकर आए हैं,
प्याले टूटा ही करते हैं,
फिर भी मदिरालय के अंदर
मधु के घट हैं, मधुप्याले हैं,
जो मादकता के मारे हैं
वे मधु लूटा ही करते हैंय
वह कच्चा पीने वाला है



जिसकी ममता घट-प्यालों पर,
जो सच्चे मधु से जला हुआ
कब रोता है, चिल्लाता है!
जो बीत गई सो बात गई!

-हरिवंश राय बच्चन

## दिन जल्दी ढलता है.... अब

दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!
हो जाय न पथ में रात कहीं,
मंजिल भी तो है दूर नहीं
यह सोच थका दिन का पंथी भी
जल्दी-जल्दी चलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

बच्चे प्रत्याशा में होंगे, नीड़ों से झाँक रहे होंगे
यह ध्यान परों में चिड़ियों के भरता
कितनी चंचलता है! दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!
मुझसे मिलने को कौन विकल?
मैं होऊँ किसके हित चंचल?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में
विह्वलता है! दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

## भौतिक सत्ता....

जिंदगी जोंक सी रक्त पान कर रही है।
मौत के नगर में जिंदगी से खिलवाड़ कर रही है।
काले उजले दिन में देश का गणतंत्र
सुखे पत्ते की तरह ठिठुर कर अस्फुट हो
शिकायत कर रहा है। भौतिकता का कंकाल
महानगर की दहलीज लांघकर विक्षुब्ध कर सब को
महाविनाश कर रहा है। देश की राजसत्ता
पंख उखाड़ कर मध्य वर्ग के जनसत्ता के नाम पर
रंगमहल का चुनाव कर रही है ।



डॉ.राजीव डोगरा (युवा कवि व लेखक)

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता